रिलायंस कोल माइंस में हादसा, डम्पर ऑपरेटर की मौत

बैढ़न के निजी हॉस्पिटल परिसर में जमकर हुआ हंगामा, पार्षद ने रिलायंस कोलमाइंस अमलोरी प्रबंधन पर लगाया गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 20 मई। रिलायंस कोलमाइंस अमलोरी परियोजना में परिसर में आज बुधवार की सुबह एक हादसा हुआ, जिसमें डम्फर ऑपरेटर की मौत हो गई। घटना के बाद जिनी सिंगरौली हॉस्पिटल परिसर में जमकर हंगामा हुआ।

जानकारी के अनुसार रिलायंस कोलमाइंस अमलोरी परियोजना में कार्यरत गुफरान अली पिता स्वगीय शेख ईमराकुद्दीन उम्र 39 वर्ष निवासी मुगलसराय अलीगर जिला चंदौली यूपी डम्फर चला रहा था। जहां कोलमाइंस में मंगलवार की रात करीब 12 बजे अचानक डम्फर पलट गया, जिसमें गुफरान अली गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में रिलायंस कंपनी प्रबंधन द्वारा घायल डम्फर ऑपरेटर को उपचार के लिए बैढ़न स्थित एक निजी हॉस्पिटल सिंगरौली में भर्ती कराया गया कि आज बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पार्षद रामगोपाल पाल एवं मृतक के परिजन तथा इंटक के प्रदेशयूथ अध्यक्ष लालपुष्पराज सिंह हंगामा करने लगे। आरोप लगाया कि रिलायंस कोलमाइंस में सुरक्षा व्यवस्था का उचित प्रबंध नही है, जिसके चलते यह हादसा हुआ। हंगामा इतना बढ़ा की तहसीलदार सविता यादव एवं नवानगर टीआई अनिल पटेल सहित भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी हुई और कहा कि वहां अधिकांश वाहन की स्थिति ठीक नही है। उनका समय-समय पर मरम्मत कार्य नही हुआ है। अंततः काफी समझाइस के बाद मामला शांत हुआ और मृतक के परिजन को कंपनी प्रबंधन द्वारा 10 लाख रूपये तत्काल एवं 15 लाख रूपये एक सप्ताह बाद और आश्रित को नौकरी देने का भरोसा दिलाया गया। इसके पहले शव को उठाने के लिए कोई तैयार नही हो रहे थे। यहां बताते चले कि रिलायंस कोलमाइंस में एक सप्ताह के अंदर यह दूसरी घटना है, इसके पहले 14 मई को रिलायंस अमलोरी सीएचपी कन्वेयर बेल्ट में प्रबंधन की लापरवाही से पॉच श्रमिक घायल हो गये थे, जिनमें दो को गंभीर चोटे आई थी। घटना के दूसरे दिन जमकर हंगामा हुआ था। फिलहाल कोल कंपनी में हो रहे हादसे को लेकर प्रबंधन पर कई तरह के सवाल खड़े किये जा रहे हैं।

कई वाहनों का नहीं हो रहा समुचित रख-रखाव

पार्षद रामगोपाल पाल ने रिलायंस कोलमाइंस प्रबंधन को सवालों के घेरे में आरोप लगाया है कि जो डम्फर हादसे का शिकार हुआ है, उसके दस्तावेज नही है, यदि वैध दस्तावेज हैं तो कंपनी प्रबंधन तत्काल दिखाए। पार्षद के उक्त सवालों का जवाब देते समय कंपनी प्रबंधन को दिनमान ही आसमान में तारे नजर आने लगे। पार्षद यही नही रूके, उन्होंने यहां तक कहा कि करीब 10 की संख्या में ऐसे वाहन हैं, जिनके कागजात नही हैं। इस सवाल का भी जवाब, प्रबंधन नही देता है। पार्षद ने यह भी आरोप लगाया है कि वाहनों का समय-समय पर रख-रखाव भी नही किया जाता है। फिलहाल पार्षद के आरोपे में कितना दम है, यह तो कंपनी प्रबंधन ही बता पाएगा, या फिर निष्पक्ष जांच से वस्तु-स्थिति सामने आ जाएगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हालत गंभीर

रिलायंस कन्वेयर पुल परसौना के पास भीषण सड़क दुर्घटना में अमलोरी निवासी प्रकाश शाह के पुत्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर आवागमन बाधित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस जाम खुलवाने का प्रयास कर रही है, वहीं घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। ग्रामीण लगातार सड़क सुरक्षा, तेज रफ्तार वाहनों पर रोक और भारी वाहनों की निगरानी की मांग कर रहे हैं। घटनास्थल पर एक अज्ञात स्कॉर्पियो वाहन खड़ी मिली है, फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

गड़वानी स्कूल परिसर का हैंडपम्प उगल रहा हवा

तपती गर्मी में ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

नवभारत न्यूज

देवसर 20 मई। देवसर जनपद पंचायत क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक विद्यालय गड़वानी में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। विद्यालय परिसर में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार विद्यालय परिसर में पीएचई विभाग द्वारा बोर कराया गया है तथा पंप भी लगाया गया है, लेकिन लंबे समय से वह चालू नहीं हो सका है। वहीं परिसर में लगे दो हैंडपंप भी केवल दिखावे के साबित हो रहे हैं, क्योंकि दोनों ही खराब पड़े हैं और पानी नहीं दे रहे हैं। गर्मी के इस मौसम में लोगों को बार-बार प्यास लगने पर ताजा पानी की आवश्यकता महसूस होती है, लेकिन विद्यालय और आसपास के क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था ठप होने से स्थिति गंभीर बनी हुई है। राहगीरों को भी पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

एक नजर में

तेंदूपत्ता संग्राहकों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

सरई। वन परिक्षेत्र पश्चिम सरई अंतर्गत वन समिति साजापानी के नौढ़िया गांव में तेंदूपत्ता फड़ क्रमांक 1 व 2 में संग्राहकों ने बताया कि 18 मई के शाम को फड़ में अपना-अपना तेंदूपत्ता गड्डी का पलिया लगाकर सुखाए थे। शाम को गड्डी नहीं लिखा गया था। सुबह लिखने के 2 घंटे बाद मजदूरों का गड्डी वापस ले जाने के लिए ठेकेदार द्वारा बोला गया, जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। गांव के स्थानीय जनप्रतिनिधि पार्षद प्रतिनिधि संतोष कुमार जायसवाल ने बताया कि हमने सरई रेंजर को इस समस्या की जानकारी दी और वे फड़ में आने के लिए बोले, मगर आए नहीं, जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं नौढ़िया के साथ-साथ अन्य फड़ों के संग्राहकों को भी कार्ड नहीं देने की जानकारी सामने आ रही है।

गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित हो : उसैद हसन

सिंगरौली। म.प्र. अल्प संख्यक विकास कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ता उसैद हसन सिद्धकी ने अखण्ड भारत निर्माण व गौ रक्षा को लेकर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किये जाने की मांग उठाई है। उन्होंने गौ संरक्षण और गौ सुरक्षा से जुड़े कार्यो को प्रभावी बनाने के लिए मजबूत सुरक्षा व्यवस्था एवं निगरानी तंत्र विकसित किया जाना चाहिए, ताकि गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण को और भी मजबूती मिल सके।

संभागीय उपायुक्त ने छात्रावासों की सुरक्षा व्यवस्था पर दिया जोर

जिपं सभाकक्ष में एक संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 20 मई। छात्रावास अधीक्षक पूर्ण समय अपने मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और छात्रावासों की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर व सुदृढ़ बनाना सुनिश्चित करें। बच्चों के आवासीय कमरों में पर्याप्त रोशनी, शुद्ध पेयजल तथा शौचालय व बाथरूम में रनिंग वाटर की सुचारू व्यवस्था हर हाल में होनी चाहिए।

यह निर्देश संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास रीवा संभाग जेपी यादव द्वारा जिपं सभाकक्ष में आयोजित एक संयुक्त समीक्षा बैठक में दिए गए। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों के अधीक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे। संभागीय उपायुक्त ने छात्रावासों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए कहा कि परिसरों में लगे सीसीटीव्ही कैमरे हमेशा चालू हालत में होने चाहिए। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि बच्चों को उनके पालकों और सगे भाई-बहनों के अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति के साथ न छोड़ा जाए। श्री यादव ने अधीक्षकों को निर्देशित किया कि आगामी शैक्षणिक सत्र में छात्रावासों की सीटें शत-प्रतिशत भरी जानी चाहिए। आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि बारिश शुरू होने से पहले ही परिसरों में पौधारोपण की तैयारियां पूरी कर ली जाएं। छात्रावास परिसर में छायादार और फलदार पौधे लगाए जाएं तथा सब्जियों के लिए किचन गार्डन विकसित किया जाए। बैठक में उपस्थित जिला परियोजना समन्वयक राम लखन शुक्ला ने सभी अधीक्षकों को शासन के निर्धारित मीनू के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदाय करें।

सिंगरौली महोत्सव में जिले के प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

विन्ध्यनगर के मैत्री सभागार में आयोजित हुआ दो दिवसीय चयन प्रक्रिया में 77 ने किया परफॉर्म

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 20 मई। जिला के 18वीं वर्षगांठ पर आगामी 23 से जिला मुख्यालय में आयोजित हो रहे सिंगरौली महोत्सव के सांस्कृतिक में जिले की प्रतिभाओ को अधिक से अधिक मौका देने लोकप्रिय कलेक्टर गौरव बैनल के दिशा-निर्देश में जिले में पहली बार शुरू की गयी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में 104 लोगों ने अपना पंजीयन कराया।

पंजीकृत प्रतिभागियों के परफॉर्मेंस को देखने विंध्यनगर के मैत्री सभागार में दो दिवसीय चयन प्रक्रिया आयोजन किया गया, जहाँ 77 लोगों ने नृत्य, गायन व कविता आदि का प्रदर्शन कर अपने अपने हुनर प्रदर्शन किया। जहाँ मौजूद चयन समिति से सहायक कलेक्टर सौम्या मिश्रा, डीईओ एसबी सिंह, उपायुक्त सहकारिता पीके मिश्रा, प्राचार्य मॉडल व सांख्यकीय अधिकारी ने अपनी-अपनी पैनी नजर से परफॉर्म को देख कर नामो की अंतिम सूची निर्णय के लिए शार्ट लिस्ट कर लिया है। सिंगरौली महोत्सव में जिले की प्रतिभागियों को मौका देने आयोजित दो दिवसीय उचित चयन प्रक्रिया में सैकड़ो प्रतिभागियों ने भाग लिया, जहाँ सभी वर्ग के प्रतिभागियों ने अपने नृत्य, संगीत, नाटक, भाषण, कविता-पाठ और अन्य कला-गतिविधियाँ का प्रदर्शन किया। इस दौरान चयन समिति ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन को बड़ी ही बारीकी से देखा और कार्यक्रम के लिए जिसका प्रदर्शन बेहतर रहा उसका नाम उन्होंने महोत्सव उत्सव के लिए शार्ट लिस्ट किया। चयन समिति ने निष्पक्ष, पारदर्शी व योग्यता के आधार पर प्रतिभागियो के प्रदर्शन क्षमता, आत्मविश्वास और कार्यक्रम के अनुरूप कौशल वाले प्रतिभागियों पर विशेष महत्व दिया। जहां सूची कल गुरूवार को जारी होगी।

ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बंद रहीं मेडिकल दुकानें

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 20 मई। ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर आज बुधवार को जिले में मेडिकल दुकानदारों ने एक दिवसीय बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया।

जिला मुख्यालय सहित चितरंगी, देवसर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में करीब डेढ़ सौ से अधिक मेडिकल दुकानें बंद रहीं। मेडिकल संचालकों ने ऑनलाइन दवा बिक्री, कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा भारी छूट और जीएसआर 817 व कोविड जीएसआर 220 को वापस लेने की मांग उठाई। दुकानदारों का कहना है कि ऑनलाइन दवा कारोबार से छोटे व्यापारियों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है और बिना फार्मासिस्ट सलाह के दवा मिलने से लोगों की सेहत पर भी खतरा बढ़ रहा है। जिले में ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर मेडिकल दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर बंद रखकर विरोध जताया। जिला मुख्यालय बैढ़न से लेकर ग्रामीण और सुदूर अंचलों तक मेडिकल दुकानें बंद रहीं, जिससे दवा लेने पहुंचे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दफ्तर में देरी से आने पर कटेगा वेतन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 20 मई। कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा जिले के शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों का हवाला देते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों का समय प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक निर्धारित है।

निरीक्षण के दौरान यह संज्ञान में आया है कि कई कर्मचारी सुबह 10 बजे के बाद कार्यालय पहुँचते हैं और शाम 6 बजे से पहले ही चले जाते हैं। इस अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए अब यह अनिवार्य कर दिया गया है कि सभी शासकीय सेवक प्रातः 10 बजे से पूर्व अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं और शाम 6 बजे के बाद ही कार्यालय से प्रस्थान करें।

कलेक्टर ने किया निरीक्षण, वेटनरी डॉ. का वेतन काटने के निर्देश

कलेक्टर ने उप संचालक पशु पालन को चिकित्सालय की व्यवस्था को सुधारने दिया सख्त हिदायत

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 20 मई। कलेक्टर गौरव बैनल ने जिला पशु चिकित्सालय बैढ़न एवं परिसर में संचालित एनिमल रेस्क्यू सेंटर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान समय के प्रति लापरवाही बरतने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने देर से उपस्थित होने वाली वेटनरी डॉक्टर शिल्पी पटेल का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने उपसंचालक पशुपालन विभाग को सख्त लहजे में हिदायत दी कि चिकित्सालय की संपूर्ण व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार लाया जाए। सभी चिकित्सक अनिवार्य रूप से निर्धारित समय पर अस्पताल में मौजूद रहें और घायल पशुओं के उपचार के लिए सभी प्रकार की आवश्यक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक हर समय सुनिश्चित किया जाए। अस्पताल परिसर में स्थित एनिमल रेस्क्यू सेंटर के अवलोकन के दौरान कलेक्टर ने बेसहारा और बीमार पशुओं की बेहतर देखभाल के लिए अहम दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग, गौसेवा संस्थाओं को हरसंभव सहायता प्रदान करें। इसके साथ ही उन्होंने जिले में पशु कल्याण और व्यवस्था सुधार के लिए पशु क्रुरता निवारण समिति की एक संयुक्त बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। इस बैठक में पशुपालन, ननि, वन और राजस्व विभाग के अधिकारी गौसेवा संस्थाओं के साथ मिलकर पशुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा तथा गौशालाओं के कायाकल्प पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

एनटीपीसी सिंगरौली में बालिका सशक्तीकरण अभियान आयोजित

नवभारत न्यूज

शक्तिनगर 20 मई। एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर विभाग के द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन सत्र के तहत एक माह के लिए बालिका सशक्तीकरण अभियान कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

इस ग्रीष्मकालीन सत्र बालिका सशक्तीकरण अभियान कार्यशाला का उद्घाटन आज बुधवार को स्थानीय सरस्वती सभागार में मुख्य अतिथि संदीप नायक परियोजना प्रमुख, विशिष्ट अतिथि संजय असाटी परियोजना प्रमुख, प्रज्ञा नायक अध्यक्षा, नीलू असाटी अध्यक्षा सहित अन्य ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री नायक द्वारा अपने उद्बोधन में बालिका सशक्तीकरण के महत्व पर जोर देते हुए सीएसआर पहल के अंतर्गत ग्रामीण बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा आयोजित इस बालिका सशक्तीकरण अभियान की सराहना की गयी।

उन्होंने कहा कि एक विकसित समाज के लिए महिलाओं का विकसित होना अत्यंत आवश्यक है।

पीएमश्री एयर एम्बुलेंस से एम्स भोपाल गई लीलावती का निधन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 20 मई। मंगलवार को पीएम श्री एयर एम्बुलेंस से एम्स भोपाल में इलाज कराने गई लीलावती का देर रात करीब 2 बजे निधन हो गया। उनके निधन से परिवार जनो में शोक व्याप्त है।

जिले के देवसर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरई निवासी लीलावती गुप्ता पति हरिहर प्रसाद गुप्ता उम्र 69 वर्ष का ब्रेन हेमरेज होने पर जिला चिकित्सालय सह ट्रॉमा सेंटर बैढ़न में इलाज चल रहा था। जहां हालत गंभीर देख उन्हें बेहतर एवं उच्च स्तरीय इलाज के लिए मंगलवार की दोपहर में सिंगरौली हवाई पट्टी से एयर एम्बुलेंस के माध्यम से अ.भा.आ. संस्थान भोपाल भेजा गया था। मरीज के साथ डॉ. नीरज गुप्ता को एयर एम्बुलेंस से भोपाल रवाना किया गया था। भोपाल एम्स में इलाज के दौरान मंगलवार की रात में करीब 2 बजे निधन हो गया। लीलावती गुप्ता पिछले कुछ समय से ट्रॉमा सेंटर बैढ़न में उपचाराधीन थीं और उनकी बेहद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत उच्च स्तरीय चिकित्सा केंद्र रेफर करने की सलाह दी थी।

राष्ट्र के परम वैभव पर पहुंचने तक हमारी संघर्ष यात्रा अनवरत चलती रहेगी : अजय

भाजपा का दो दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण कल्याण मंडपम परिसर जयंत में चल रहा आयोजन, समापन आज

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 20 मई। हमारी संघर्ष यात्रा किसी सीमित कालखंड के लिए नहीं है, हम राष्ट्र के उसी वैभव को पुनः स्थापित करने के लिये संघर्षरत हैं, जब हम विश्वगुरु के पद पर अधिष्ठित थे और भारत सोने की चिड़िया कहा जाता था।

भारत माता को पुनः उसके परम वैभव पर पहुंचाने तक हमारी संघर्ष यात्रा चलती रहेगी और इसके लिए हमने अपनी पीढ़ियां खपा दीं और आने वाली हमारी कई पीढ़ियां इसके लिए संघर्षरत रहेंगी। ये बातें भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहीं। यह प्रशिक्षण जिले का यह अभियान आज बुधवार से शुरू हुआ है और कल गुरूवार को समापन होगा। आज इस प्रशिक्षण महाभियान का विधिवत शुभारंभ हुआ तथा इस प्रशिक्षण वर्ग मे भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए तथा वर्ग की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने की। अन्य उपस्थित विशिष्टों मे संभागीय संगठन प्रभारी एवं प्रशिक्षण महाभियान के प्रदेश संयोजक विजय दुबे, राज्यमंत्री राधा सिंह, कांतदेव सिंह, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, जिला संगठन प्रभारी विनोद यादव, द्वय विधायक रामनिवास शाह, देवसर राजेंद्र मेश्राम, संभागीय प्रशिक्षण प्रभारी केके तिवारी, सीडा अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, ननि अध्यक्ष देवेश, जिपं उपाध्यक्ष अर्चना सिंह मंचासीन रहे।

भाजपा नेताओं ने दिए अपने-अपने व्याख्यान

द्वितीय सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक अमर सिंह ने की तथा विषय वक्ता के रूप में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को प्रशिक्षार्थियों के समक्ष रखा। वहीं अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह तथा विषय वक्ता के रूप मे संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे ने वैचारिक अधिष्ठान पर अपना उद्बोधन दिया। संभागीय प्रभारी ने भाजपा से पूर्व जन संघ की विचारधारा तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद पर प्रकाश डालते हुए संगठन की वैचारिक यात्रा पर विस्तृत उद्बोधन दिया। साथ ही विषय वक्ता के रूप में पूर्व विधायक चुरहट व पूर्व प्रदेश महामंत्री शरतेंन्दु तिवारी ने देश के समक्ष राजनैतिक एवं सामाजिक चुनौतियों पर अपना व्याख्यान दिया।